दो अक्षर का प्यारा नाम ..जय श्री राम | By Ashok Shauq

जय श्री राम जय श्री राम
दो अक्षर का प्यारा नाम
राम नाम ने पत्थर तारे
दुष्टो का किया काम तमाम

विश्वामित्र का कहना माना
असुरो पे जा धनुष था ताना
खरदूषण को मार गिराया
पहुँचाया उनको निज धाम

बाली का भी गर्व मिटाया
और सुग्रीव को गले लगाया
याम्वन्त अंगस सब आये
चरणों में आये हनुमान

रावण ने था पाप कमाया
उसको राम ने सबक सिखाया
एक लख पूत सवा लख नाती
कोई भी आये ना काम

राम की महिमा राम ही जाने
शौक़ कहे हैं बड़े सयाने
राम कृपा को पाना है तो
आओ चलें अयोध्या धाम

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a6%e0%a5%8b-%e0%a4%85%e0%a4%95%e0%a5%8d%e0%a4%b7%e0%a4%b0-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%aa%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%9c%e0%a4%af-%e0%a4%b6/